प्रथम अपील अधिकारी, सूचना का अधिकार अधिनियम
एवं जिला कलक्टर उदयपुर
निर्णय द्वारा अध्यासित गौरव अग्रवाल आई.ए.एस.

प्रकरण संख्याः **172 / 2025** (अपील सूचना का अधिकार)
गणेश लाल धोबी पिता रोडा धोबी निवासीः इटाली, तहसील–मावली, उदयपुर
..............अपीलार्थी

बनाम

सहायक लोक सूचना अधिकारी एवं उपखण्ड अधिकार मावली उदयपुर
..................प्रत्यर्थी

प्रथम अपील अन्तर्गत सूचना का अधिकार अधिनियम 2005

निर्णय

दिनांकः 22/05/2026

प्रकरण में संक्षिप्त तथ्य इस प्रकार है कि अपीलार्थी द्वारा सूचना का अधिकार अधिनियम 2005 के अन्तर्गत एक अपील प्रस्तुत कर निवेदन किया कि दिनांक 04.07.2025 को प्रत्यर्थी के कार्यालय में प्रार्थना पत्र प्रस्तुत कर 6 बिन्दुओं की सूचना चाही गई। प्रत्यर्थी द्वारा अपीलार्थी को चाही गई सूचना उपलब्ध नही करायी जाने से यह अपील प्रस्तुत की गई है।

अपील अपीलार्थी दर्ज रजिस्टर की जाकर प्रत्यर्थी से अपील पर जवाब तथा सूचना उपलब्ध कराने हेतु कार्यालय के पत्रांक रीडर / सू.अ.2005 / प्रथम अपील / 172 / 25 / 1049–50 दिनांक 03.10.2025 एवं पत्रांक 189–90 दिनांक 02. 02.2026 से लिखा गया। प्रत्यर्थी द्वारा ना तो कोई प्रत्युत्तर प्रस्तुत किया गया ना ही वे स्वयं या उनके प्रतिनिधि वक्त सुनवाई उपस्थित हुए।

पत्रावली का अवलोकन किया गया। प्रकरण में अपीलार्थी के आवेदन पत्र दिनांक 04.07.2025 का अवलोकन करने से स्पष्ट होता है कि प्रार्थी द्वारा उपखण्ड कार्यालय मावली से विभिन्न सूचनाएँ मांगी गई हैं, जिनमें बिन्दु संख्या 1 में तहसील कार्यालय मावली में विचाराधीन प्रकरण संख्या 1401 / 88 की सम्पूर्ण पत्रावली में क्या–क्या कार्यवाही की गई, बिन्दु संख्या 2 में खाता संख्या 1273 आ.स. 6526 / 5801 किस्म आबादी के साबिक खसरे, पुरानी सेटलमेंट एवं वर्तमान खसरा नकल, बिन्दु संख्या 3 में जिला कलक्टर उदयपुर के आदेश क्रमांक प.12 / 3 / राज. / घुमन्तु आ.वि. / आर / 24 / 2245–50 दिनांक 25.09.2024 के आदेश आवंटन प्रस्ताव पत्रांक 621 / 23 / 09 / 24 आ. 5801 / 2052 किस्म बंजड़ रकबा 0.6718 हैक्टेयर में से 0. 3800 हैक्टेयर भूमि आबादी विस्तार आंवटन किया गया उस आवंटन विस्तार में जारी किये गये पट्टों की प्रमाणित प्रति, बिन्दु संख्या 4 में ग्राम पंचायत इटाली द्वारा वर्ष 1988 से आज दिनांक तक बिलानाम भूमि पर दिये गये पट्टों, बिन्दु संख्या 5 में

Signature valid
Digitally signed by Gaurav Agrawal
Designation : Collector & District Magistrate
Date: 2026.05.22 12:57:31 IST
Reason: Approved

RajKaj Ref No.:
22388694
M e-Sign

गाडोलिया बस्ती व भूमिहीन व्यक्तियों को ग्राम पंचायत इटाली द्वारा बिलानाम भूमि पर जारी किये गये उन प्रस्तावित रजिस्टर पट्टो की प्रमाणित प्रति एवं बिन्दु संख्या 6 में ग्राम पंचायत इटाली को केन्द्र सरकार एवं राज्य सरकार द्वारा सन् 2010 से लगाकर आज दिनांक तक कितना बजट प्राप्त हुआ तथा ग्राम पंचायत ने कहा कहा खर्च किया मौका रिपोर्ट, वस्तुस्थिति की रिपोर्ट एवं आय व्यय रजिस्टर की सूचना चाही गई है।

अपीलार्थी द्वारा चाही गई सूचनाएँ प्रशासनिक गोपनीयता, संवेदनशील कार्यप्रणाली एवं विभागीय आंतरिक निर्णय प्रक्रियाओं से संबंधित हैं, जिनका असीमित प्रकटीकरण अधिनियम की मंशा के विपरीत है। अपीलार्थी द्वारा बिना किसी सार्थक उद्देश्य के सूचना की मांग करना लोक प्राधिकरण के सीमित संसाधनों के विपरीत है। चाही गई सूचना ना तो अपीलार्थी से संबंधित है ना ही व्यापक लोक हित में है। अपीलार्थी द्वारा किसी बिन्दु विशेष की सूचना नहीं चाही जाकर अत्यंत विस्तृत सूचना चाही गई है।

उपरोक्त विवेचन के आधार पर सूचना का अधिकार अधिनियम 2005 की धारा 19(1) के तहत प्रस्तुत प्रथम अपील सारहीन होने से खारिज की जाती है। साथ ही सहायक लोक सूचना अधिकारी एवं उपखण्ड अधिकारी मावली को निर्देशित किया जाता है कि सूचना का अधिकार अधिनियम के तहत प्राप्त आवेदन पत्रों का नियमानुसार निर्धारित समयावधि में निस्तारण करे तथा अपील मे भी निर्धारित समयावधि में अपीलोत्तर भिजवाया जाना सुनिश्चित करे। निर्णय की प्रति उभयपक्ष को प्रेषित की जावे। पत्रावली फैसल शुमार होकर बाद कार्यवाही दाखिल दफ्तर हो।

प्रथम अपीलीय अधिकारी एवं जिला कलक्टर, उदयपुर

(गौरव अग्रवाल)
प्रथम अपील अधिकारी,
सूचना का अधिकार अधि. एवं
जिला कलक्टर, उदयपुर

Signature valid
Digitally signed by Gaurav Agrawal
Designation: Collector & District Magistrate
Date: 2026.05.22 12:57:31 IST
Reason: Approved

RajKaj Ref No.:
22388694
M e-Sign